**जनपद हमीरपुर**

**दिनांक 06.08.2026**

**साइबर क्राइम थाना हमीरपुर की प्रभावी कार्यवाही, MRM पोर्टल के माध्यम से 39 साइबर फ्रॉड पीड़ितों के ₹ 1,61,965/- वापस कराए गए।**

अवगत कराना है कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी विभिन्न माध्यमों से आमजन को भ्रमित कर उनके बैंक खाते, एटीएम/डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, ओटीपी, यूपीआई एवं अन्य डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से संबंधित गोपनीय जानकारी प्राप्त कर साइबर फ्रॉड एवं आर्थिक धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, नोडल अधिकारी साइबर क्राइम के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम हमीरपुर के पर्वेक्षण, में साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा लगातार अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा **इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) के MRM पोर्टल** के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं संबंधित बैंकिंग/तकनीकी अभिलेखों का परीक्षण करते हुए त्वरित कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 39 आवेदकों की ₹ 1,61,965/- की साइबर धोखाधड़ी से गई धनराशि को होल्ड/ट्रेस कराते हुए कुल **₹ 1,61,965/- (एक लाख इकसठ हजार नौ सौ पैंसठ रुपये**) संबंधित आवेदकों के बैंक खातों में वापस कराए गए।

उक्त कार्यवाही में साइबर क्राइम थाना हमीरपुर द्वारा संबंधित बैंकों, भुगतान गेटवे एवं तकनीकी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ितों को उनकी धनराशि वापस दिलाई जा सकी। प्रकरण में अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**बरामदगी/धनराशि वापसी कराने वाली टीम :**

- प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार
- निरीक्षक अमित कुमार
- मुख्य आरक्षी कमलकान्त यादव
- आरक्षी चन्द्रभवन दिवाकर
- आरक्षी प्रवीन यादव
- आरक्षी दिलीप दुबे
- आरक्षी अश्वनी कुमार

***हमीरपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी अज्ञात कॉल, लिंक, स्क्रीन शेयरिंग ऐप, क्यूआर कोड, ओटीपी अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें तथा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें, ताकि समय रहते धनराशि को होल्ड कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।***